हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार 21 मार्च 2026

11 नशे के खिलाफ समाज को जागरूक करने से बड़ी कोई देशसेवा नहीं



12 2024 की कोई शिकायत लंबित नहीं



## खबर संक्षेप

### साइबर ठगी के दो आरोपी जोधपुर से गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने जिला के गांव जोधका निवासी एक व्यक्ति से करीब 90300 रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में दो आरोपियों को राजस्थान के जोधपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। साइबर थाना प्रभारी ने बताया कि गांव जोधकां निवासी मोहित ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई कि उसके मोबाइल पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने कहा कि टेलीग्राम एप के माध्यम से घर बैठे लाखों-करोड़ों रुपये कमाए जा सकते हैं। इसके लिए उन्हें कंपनी द्वारा बताए गए टास्क पूरे करने होंगे, और पूरा होते ही उनके खाते में पैसे ट्रांसफर कर दिए जाएंगे।

### गोल्ड लोन टेकओवर के नाम पर 4.84 लाख ठगे

**सिरसा।** गोल्ड लोन टेकओवर के नाम पर फाइनेंस कंपनी से 4.84 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने कंपनी के शाखा प्रबंधक की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत के अनुसार बरनाला रोड स्थित एल एंड टी गोल्ड लोन शाखा के प्रबंधक गौरव तनेजा ने बताया कि गांव बुर्जभंगु निवासी राजबीर ने टेकओवर प्रक्रिया के तहत लोन लेने की बात कही। कंपनी ने नियमों के तहत उसे ब्रिज लोन के रूप में 4 लाख 84 हजार 600 रुपये उसके बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए, ताकि वह पुरानी कंपनी से सोना छुड़वाकर जमा करवा सके।

### दो दिवसीय वार्षिक महोत्सव, भंडारा आज से

**सिरसा।** स्वामी तुरीयानंद सत्संग सेवा आश्रम में 21 व 22 मार्च को वार्षिक महोत्सव एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम ब्रह्मलीन स्वामी तुरियानंद और स्वामी अचलानंद गिरि की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। आश्रम में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम की अध्यक्षता गद्दीनशीन स्वामी विवेकानंद गिरि करेंगे। आगामी 21 मार्च को शाम 6 बजे प्रार्थना एवं आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इसके बाद शाम 6.30 बजे से रात 10.30 बजे तक भजन संकीर्तन एवं संत प्रवचन का आयोजन किया जाएगा, और विशाल भंडारे किया जाएगा।

### ट्यूब्वैलों से केबल चोरी करने वा एक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** खेतों में लगे ट्यूब्वैलों से केबल चोरी करने वाले गिरोह की धरपकड़ करते हुए थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। काबू किए गए आरोपी की पहचान परवीन पुत्र ज्ञानी राम निवासी सेक्टर-19 हुड्डा, सिरसा के रूप में हुई है। थाने के प्रभारी प्रहलाद ने बताया कि बलबीर चंद ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसकी तथा आसपास के किसानों की मोटरों से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा केबल चोरी कर ली गई थी। वारदात 19 फरवरी की रात की है, जिसमें दरियापुर, अकावाली व हिजरावा कलां क्षेत्र में कई स्थानों पर केबल चोरी की घटनाएं सामने आई थी।

### नाबालिग के अपहरण मामले में युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** एक नाबालिग लडक़ी का अपहरण करने और यौन उत्पीडऩ के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर रतिया पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दीपक उर्फ मि_ पुत्र रणजीत निवासी भिरड़ाना के रूप में हुई है। थाना सदर रतिया प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि शिकायतकर्ता ने थाना सदर रतिया में अपनी नाबालिग बेटी की आरोपी द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने बारे शिकायत दर्ज करवाई थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत मुकदमा दर्ज कर नाबालिग की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद नाबालिग लडक़ी को बरामद किया।

## शादी का कार्ड लाओ और पांच कमर्शियल सिलेंडर ले जाओ

# शादी वाले आठ परिवारों को शुक्रवार तक अलॉट किए 39 कमर्शियल सिलेंडर



**फतेहाबाद।** रतिया में गैस एजेंसी पर उमड़ी भीड़। *फोटो: हरिभूमि*

सुरेन्द्र असीजा ⏭ फतेहाबाद

प्रशासन ने शादी वाले परिवारों को बड़ी राहत दी है। अब शादी वाले परिवारों को गैस सिलेंडर लेने के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। फतेहाबाद प्रशासन की ओर से शादी वाले प्रत्येक परिवारों को कमर्शियल गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाए जाएंगे। लड़कियों की शादी को प्राथमिकता देते हुए प्रशासन ने इन परिवारों को 5 जबकि लडक़े की शादी वाले परिवार को 3 कमर्शियल सिलेंडर दिए जा रहे हैं।

**कमर्शियल गैस सिलेंडर लेने के लिए सिक्योरिटी राशि भी जमा करवानी होगी**

अगर शादी समारोह बड़ा है व मेहमानों की लिस्ट लंबी है तो गैस सिलेंडरों की संख्या बढ़ा दी जाएगी। पहले चरण के पांच कमर्शियल गैस सिलेंडर लेने के लिए शादी वाले परिवार के किसी भी सदस्य की ओर से फतेहाबाद प्रशासन के नाम एक साधारण एप्लीकेशन लिखकर देनी होगी। इस एप्लीकेशन के साथ शादी का कार्ड और आधार कार्ड देना होगा। एप्लीकेशन के बाद प्रशासन की ओर से खाद्य आपूर्ति विभाग को लेटर जारी किया जाएगा।

जिसमें शादी वाले परिवारों के नाम होंगे। इसके बाद संबंधित गैस एजेंसी से कमर्शियल गैस सिलेंडर मिल जाएंगे। कमर्शियल गैस सिलेंडर लेने के लिए सिक्योरिटी राशि भी जमा करवानी होगी। शादी वाले परिवारों को कमर्शियल गैस सिलेंडर देने के लिए प्रशासन ने एरिया वाइज गैस एजेंसी भी अलॉट कर दी है। शुक्रवार तक प्रशासन के पास 30 आवेदन आए थे, जिनमें से 8 परिवारों को 39 सिलैण्डर उपलब्ध करवा दिए गए हैं। बाकी शादी की निर्धारित तिथि तक देने का प्रावधान है।

जिनको यह भी कहा गया कि अगर ये सिलेंडर कम पड़ते हैं तो एक एप्लीकेशन और देकर अतिरिक्त सिलेंडर ले सकते हैं। दूसरी ओर घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर गैस एजेंसी कार्यालयों के बाहर आए दिन लंबी लाइन लग रही है। प्रशासनिक अधिकारी व गैस एजेंसी संचालकों की ओर से पर्याप्त गैस सिलेंडर होने का दावा किया जा रहा है लेकिन लोगों में गैस सिलेंडर लेने के लिए मारामारी हो रही है।

वीरवार को रतिया स्थित भारत गैस एजेंसियों के बाहर लंबी लाइन में खड़े लोगों ने हंगामा तक कर दिया। एक व्यक्ति ने लाइन में लगने के बावजूद भी गैस सिलेंडर न देने का आरोप लगाया है। बाद में वह व्यक्ति शिकायत लेकर समाधान शिविर में भी पहुंच गया। गैस एजेंसी संचालकों का कहना है कि घरेलू गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक है। घर की रसोई चलाने के लिए हर व्यक्ति को घरेलू गैस सिलेंडर उपलब्ध होगा। इसके लिए अफरा-तफरी मचाने की जरूरत नहीं है।

### एप्लीकेशन के साथ शादी का कार्ड जरूरी

शादी वाले परिवारों को कमर्शियल गैस सिलेंडर देने शुरू कर दिए हैं। पहले चरण में एक बार प्रत्येक परिवार को गैस सिलेंडर दिए जा रहे हैं। लडक़ी की शादी पर 5 और लडक़े की शादी पर 5 सिलैंडर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। अभी तक 8 परिवारों को 39 सिलैंडर दिए जा चुके हैं। प्रशासन के नाम साधारण एप्लीकेशन व एक शादी का कार्ड देने होगा।

-कौशल बूरा, डीएफएससी फतेहाबाद

### बीजेपी नेता भी गैस न मिलने से परेशान

फतेहाबाद जिले में गैस सिलेंडर समय पर नहीं मिल पाने की समस्या से अब बीजेपी कार्यकर्ता भी जूझने लगे हैं। यह मुद्दा बीजेपी के ऑफिशियल सूचना वाले वॉट्सएप ग्रुप में भी उठने लगा है। बीजेपी कार्यकर्ता एक सप्ताह से सिलेंडर नहीं मिलने की शिकायत कर रहे हैं। मामले को जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा के सामने उठाने का भी सुझाव दिया गया है। कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ नेताओं से समस्या के समाधान की मांग की है। बता दें कि, बीजेपी ने संगठन की ऑफिशियल सूचना देने के लिए उदय कमल नाम से वॉट्सएप ग्रुप बनाया हुआ है, जिसमें वरिष्ठ नेता, पार्टी पदाधिकारी और प्रमुख कार्यकर्ताओं को शामिल किया हुआ है। बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि ईरान-अमेरिका-इजरायल के बीच पनपे युद्ध के कारण परिस्थितियां बनी हुई है। यह क्राइसिस का समय इसमें संयम रखना जरूरी है। सरकार ने पूरे प्रबंध किए हुए हैं। किसी कार्यकर्ता को कोई दिक्कत है, तो समाधान करवाया जाएगा।

### सिलेंडरों की कालाबाजारी बढ़ी

**फतेहाबाद।** गैस किल्लत के बाद घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी भी बढने लगी है। व्यवसायिक संस्थान कमर्शियल सिलेंडर न मिलने पर घरेलू गैस सिलेंडरों का जमकर प्रयोग कर रहे हैं। ऐसे लोगों की धरपकड़ को लेकर खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा आज शहर में छापेमारी की गई। इस दौरान टीम ने फतेहाबाद, टोहाना ओर रतिया में बेकरी, ढाबे और पकौड़े वाली दुकानों से 19 घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडरों को बरामद किया है। इन सिलेंडरों का कमर्शियल प्रयोग किया जा रहा था।



**सिरसा।** बैठक को संबोधित करते डीआईजी मनवीर सिंह। *फोटो: हरिभूमि*

# स्मार्ट पुलिस बनकर करना होगा काम: डीआईजी

- डीआईजी मनवीर सिंह ने पुलिस अधिकारियों की बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

पुलिस उप महानिरीक्षक मनवीर सिंह ने कहा कि आधुनिकता के इस युग में स्मार्ट पुलिस बनकर काम करना होगा। इसके लिए हमें अपनी कार्य क्षमता को और अधिक बेहतर बनाना होगा और नए विचारों को अपनाना होगा। नागरिकों के लिए सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु हमें स्मार्ट पुलिसिंग और सामुदायिक पुलिसिंग पर काम करना होगा। उन्होंने नशे के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति पर जोर देते हुए कहा कि नशा तस्करों खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि नशे के कारोबार में संलिप्त अपराधियों के खिलाफ पुलिस को ओर अधिक आक्रामक रुख अपनाना होगा। डीआईजी मनवीर सिंह शुक्रवार को सिरसा में पुलिस अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

### कानून व्यवस्था सख्त

डीआईजी मनवीर सिंह ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए सभी थाना एवं चौकी क्षेत्र में नियमित रूप से पुलिस पेट्रोलिंग सुनिश्चित की जाए तथा सीलिंग प्लान के तहत नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की जाए। महिला एवं बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और पीड़ितों को संवेदनशीलता के साथ सहायता प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि सडक़ दुर्घटनाओं के कारण देश में प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में लोगों की मृत्यु होती है तथा कई लोग गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। इसलिए आमजन को मोटर वाहन अधिनियमों की पालना के लिए प्रेरित किया जाए।

### हैकर असली वाई-फाई को डाउन कर उसी नाम से नकली नेटवर्क बनाकर कर रहे ठगी, रहे सावधान



एसपी सिद्धांत जैन।

**फतेहाबाद।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आमजन को सचेत करते हुए बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी नई-नई तकनीकों का इस्तेमाल कर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। इनमें से एक प्रमुख तरीका फर्जी वाई-फाई नेटवर्क है, जिसके माध्यम से आम नागरिकों की निजी जानकारी चुराकर आर्थिक नुकसान पहुंचाया जा रहा है। एसपी ने कहा कि इस तरीके में साइबर अपराधी पहले किसी लोकप्रिय या सार्वजनिक वाई-फाई नेटवर्क जैसे होटल, कैफे, रेलवे स्टेशन आदि को निशाना बनाते हैं। हैकर उस असली वाई-फाई नेटवर्क पर बार-बार रिक्वेस्ट या तकनीकी अटैक कर उसे धीमा या अस्थायी रूप से बंद कर देते हैं। इसके बाद वे उसी नाम से एक फर्जी वाई-फाई नेटवर्क तैयार कर देते हैं, जो देखने में बिल्कुल असली जैसा प्रतीत होता है। जैसे ही कोई यूजर उस नकली वाई-फाई नेटवर्क से कनेक्ट होता है, उसका इंटरनेट ट्रैफिक हैकर के कंट्रोल में चला जाता है। इस दौरान साइबर अपराधी यूजर के मोबाइल या लैपटॉप में दर्ज संवेदनशील जानकारी जैसे बैंकिंग डिटेल, यूजरनेम, पासवर्ड, ईमेल आईडी, सोशल मीडिया अकाउंट, यहां तक कि ओटीपी तक हासिल कर सकते हैं।

# गुरुनानकपुरा में युवक की हत्या का मामला, पुलिस ने तीसरा आरोपी पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

शहर के गुरूनानकपुरा में एक युवक पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या करने के मामले में सीआईए फतेहाबाद तथा थाना शहर फतेहाबाद की संयुक्त टीम ने तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। काबू किए गए आरोपी की पहचान राजबीर सिंह पुत्र सुखा सिंह निवासी माजरा के रूप में हुई है। इससे पहले पुलिस दो युवकों रजत निवासी अशोक नगर फतेहाबाद तथा मंगत उर्फ मंगी निवासी गुरुनानक पुरा मोहल्ला फतेहाबाद को गिरफ्तार कर चुकी है। बता दें कि शहर के गुरुनानकपुरा मोहल्ले में बीते रविवार को एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक संदीप उर्फ दीपा गुरुनानकपुरा मोहल्ला में अपनी ननिहाल में रहता था। उसके माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्य सिरसा में रहते हैं। उसके मामा काका सिंह और मामी सुनीता ने बताया था कि संदीप छह भाई-बहनों में दूसरे नंबर का था। वह बचपन से ही उनके पास रहता था।



**फतेहाबाद।** पुलिस गिरफ्त में मर्डर केस में गिरफ्तार युवक।

### रंजिश में हमला

थाना शहर फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि 15 मार्च को गुरुनानक पुरा मोहल्ला में हुए एक विवाद के दौरान आरोपियों ने रंजिश के चलते संदीप सिंह उर्फ दीपा पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को नागरिक अस्पताल फतेहाबाद में दाखिल करवाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस ने हरजिन्द्र सिंह उर्फ काका पुत्र जगीर सिंह निवासी गुरुनानक पुरा फतेहाबाद के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। इस मामले में गत दिवस पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था जबकि आज तीसरे आरोपी राजबीर को भी गिरफ्तार कर उससे पूछताछ शुरू कर दी है।

### गांव लधुवास में व्यक्ति ने एचटी लाइन पर लगा पोल उखाड़ा, केस

**रतिया।** उप मंडल के गांव लधुवास में एक व्यक्ति ने एचटी लाइन पर लगा हुआ पोल उखाड़ दिया जिससे गांव में बिजली सप्लाई प्रभावित हो गई। इस मामले में पुलिस ने बिजली निगम के अधिकारी की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस बारे जगविंदर सिंह निवासी गांव लधुवास ने उप मंडल अधिकारी बिजली बोर्ड रतिया को शिकायत दी थी कि गांव लधुवास के जगसीर सिंह ने एचटी लाइन का लगा पोल उखाड़ दिया। इसके कारण गांव कि सप्लाई बंद है। शिकायत के बाद रविन्द्र कुमार जेई द्वारा मौके पर जाकर चैक किया तो उन्होंने पाया कि जगसीर सिंह ने उसके प्लाट के ऊपर से गुजर रही 11 केवी लाइन को हटाने के लिए सीएम विंडो में शिकायत दी थी।

### आरोपियों पर हरियाणा राजस्थान व पंजाब में कई मामले दर्ज

# बाइक चोर गिरोह के तीन सदस्य पंजाब से गिरफ्तार

- चोरीशुदा नौ मोटरसाइकिल की बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कालांवाली

पुलिस ने अंतरराज्यीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के तीन सदस्यों को पंजाब के बठिंडा जिला क्षेत्र से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरीशुदा नौ मोटरसाइकिल बरामद किए हैं। आरोपियों के खिलाफ हरियाणा, राजस्थान व पंजाब में चोरी के कई मामले दर्ज हैं। डीएसपी कालांवाली संदीप धनखड़ ने शुक्रवार को गिरोह का खुलासा करते हुए बताया कि आरोपियों की पहचान पंजाब जिला बठिंडा निवासी राजू, नवदीप, बिट्टू के रूप में हुई है। डीएसपी ने बताया कि महेंद्र कुमार की शिकायत पर पुलिस ने बाइक चोरी का मामला दर्ज किया था। महेंद्र कुमार ने बताया कि वह बीती 12 जनवरी को मार्केट कमेटी कालांवाली में आया था और उसने अपना मोटरसाइकिल कमेटी कार्यालय के बाहर खड़ा कर दिया।



**सिरसा।** पकड़े गए बाइक चोर गिरोह के सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

### पुलिस ने जांच की शुरू

इसके अलावा पुलिस ने हेरोइन तस्करी मामले में वांछित तस्कर को राजस्थान क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। सीआईए प्रभारी राजपाल ने बताया कि पकड़े गए तस्कर की पहचान मोबीन अली के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने गांव गंगा क्षेत्र से रवि को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया था। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसे मोबीन अली ने हेरोइन सप्लाई की। पुलिस ने मोबीन अली के खिलाफ भी डबवाली सदर थाना अभियोग दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी।

## इस बार किसानों ने जिला में 17111 एकड़ पर धान की सीधी बिजाई की थी

# प्रदेश सरकार ने धान की सीधी की बिजाई के लिए 3704 किसानों के खाते में डाले 7.69 करोड़ रुपये

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

खरीफ 2025 में जिला में धान की सीधी बिजाई (डीएसआर) करने वाले किसानों को प्रदेश सरकार ने उनके खाते में 7 करोड़ 69 लाख 98 हजार 712 रुपये की राशि डाल दी है। यह राशि 3704 किसानों के खातों में ट्रांसफर की गई है। इस बार इन किसानों ने जिला में 17111 एकड़ पर धान की सीधी बिजाई की थी। बता दें कि प्रदेश सरकार ने धान की सीधी बिजाई करने वाले किसानों को 4500 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि देने की स्कीम चलाई थी। कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश सिहाग ने इसकी पुष्टि की है। बता दें कि फतेहाबाद जिला में जल संरक्षण और खेती की लागत कम करने के लिए कृषि विभाग धान की सीधी बिजाई तकनीक को बढ़ावा दे रहा है, जो पारंपरिक रोपाई की तुलना में कम पानी और मेहनत में अधिक पैदावार देती है। इस विधि में जीरो टिल सीड ड्रिल से मानसून के दौरान सीधे खेत में बुवाई की जाती है। प्रदेश सरकार ने धान में पानी की बचत करने के लिए मेरा पानी-मेरी विरासत योजना चलाई थी, जिसके तहत किसानों को 4500 रुपये प्रति एकड़ दिए जा रहे हैं। धान की सीधी बिजाई तकनीक से 25 से 30 प्रतिशत तक सिंचाई पानी की बचत होती है। नर्सरी तैयार करने और रोपाई की मेहनत व खर्च बचता है। बुवाई के लिए जीरो टिल सीड ड्रिल या बैल चलित सीड ड्रिल का प्रयोग किया जाता है, जिससे लगभग एक एकड़ में 1 घंटे में बुवाई होती है।



**फतेहाबाद।** धान की सीधी बिजाई। *(फाइल फोटो)*

### धान सीधी बुवाई से किसानों को मिलेगा लाभ

मानसून के आगमन के आसपास या जून के मध्य से जुलाई के पहले सप्ताह तक बुवाई उपयुक्त होता है। धान की सीधी बिजाई भूजल स्तर को बनाए रखने में सहायक है। इसके अतिरिक्त पौधों की जड़ें गहरी होती हैं, जिससे वे सूखा सहन करने में सक्षम होते हैं वहीं अगली फसल (गेहूं) के लिए मिट्टी की संरचना बेहतर रहती है। कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश सिहाग ने बताया कि सरकार ने विभिन्न बैंकों में 3704 किसानों के खाते में डीएसआर की राशि डाल दी है। जिन किसानों को प्रोत्साहन राशि नहीं मिली, वह किसान कृषि विभाग कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।



# जिला जेल में ओपन जिम का उद्घाटन

**सिरसा।** जिला जेल में बंदियों के स्वास्थ्य एवं पुनर्वास को ध्यान में रखते हुए न्याय और सम्मान अभियान के अंतर्गत जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीश जिंदिया ने शुक्रवार को ओपन जिम का उद्घाटन किया। यह ओपन जिम सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से बनाया गया है। ओपन जिम में 14 व्यायाम मशीनें स्थापित की गई, जो बंदियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक होंगी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और सकारात्मक जीवन शैली का संदेश दिया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीश जिंदिया ने कहा कि इस प्रकार की सुविधाएं बंदियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि जेल केवल दंड देने का स्थान नहीं है, बल्कि यह सुधार और पुनर्वास का केंद्र भी है, जहां बंदियों को एक नई दिशा देने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि ओपन जिम जैसी सुविधाएं बंदियों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने के साथ-साथ मानसिक तनाव को कम करने में भी सहायक होती हैं। नियमित व्यायाम से उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का विकास होता है, जो उन्हें समाज में पुनः स्थापित होने के लिए तैयार करता है।



# रिलीज के बाद धुरंधर 2 का पायरेटेड वर्जन पहुंचा पाकिस्तान

**मुंबई।** धुरंधर 2 फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म रिलीज होने के बाद से ही चर्चा का विषय बनी हुई है। रिलीज के एक दिन में ही इसके चर्चे पाकिस्तान तक होने लगे हैं। अब पाकिस्तान में भी लोग धुरंधर 2 के मजे ले रहे हैं, लेकिन सिनेमाघरों में नहीं टीवी पर। सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें वायरल हुईं, जिनमें पाकिस्तान में लोग टीवी में 'धुरंधर 2' देखते नजर आए। खालिद महमूद खालिद नाम के एक पत्रकार ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'वॉचिंग धुरंधर 2 इन लाहौर।' अब ये पोस्ट वायरल हो रही हैं और लोग इसपर पाकिस्तान की जमकर ट्रोलिंग कर रहे हैं। इस पर आदित्य राज कौल ने जवाब देते हुए निराशा जताई। आदित्य राज कौल फिल्म धुरंधर से रिसर्च कंसल्टेंट के तौर पर भी जुड़े थे। उन्होंने लिखा, 'दुख की बात है कि धुरंधर द रिवेंज का पायरेटेड वर्जन आज ही पाकिस्तान पहुंच गया।'

## लाइफ Style

# वामिका

## भूत बंगला में अलग अंदाज में आएंगी नजर

फिल्म भूत बंगला में अक्षय कुमार के साथ वामिका गब्बी भी नजर आएंगी। इस हॉरर फिल्म में वह सिर्फ ग्लैमर का तड़का नहीं लगा रही है, वह अलग ही अंदाज में दर्शकों को देखने को मिलेंगी। फिल्म भूत बंगला को लेकर वामिका गब्बी काफी उत्साहित हैं। इस फिल्म में वह बिल्कुल ही अलग अंदाज में दर्शकों से रूबरू होंगी।

एजेंसी ⏭ मुंबई

हाल ही में फिल्म से जुड़ी एक अपडेट सामने आई, जिससे पता चलता है कि एक्ट्रेस खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार से काफी इंस्पायर है। वह उनके नक्शे-कदमों पर चल रही हैं। सूत्रों के अनुसार फिल्म 'भूत बंगला' में वामिका गब्बी ने अपने एक्शन सीन खुद किए हैं। एक्ट्रेस ने एक ट्रेन सीक्वेंस शूट किया, जिसमें वह ट्रेन के किनारे पर खड़ी थीं। इस सीन के लिए अक्षय कुमार के साथ एकदम सही तालमेल और टाइमिंग की जरूरत थी। वामिका ने अक्षय कुमार का पूरा साथ दिया। पिछले दिनों फिल्म 'भूत बंगला' का टीजर रिलीज हुआ। इसमें अक्षय कुमार जहां अपनी कॉमेडी से हंसाते हैं। वहीं डरावना माहौल भी टीजर में दिखता है। अक्षय कुमार का लुक भी टीजर में काफी अलग नजर आया है। कहानी के अलावा बाकी कलाकारों की भी झलक भी टीजर में दिखती है, इसमें वामिका भी नजर आईं। टीजर से ही हिंट मिला है कि इसमें एक रहस्मयी जीव है जो सबको डराता है। फिल्म 'भूत बंगला' में अक्षय कुमार, वामिका गब्बी के अलावा परेश रावल, तब्बू और राजपाल यादव भी हैं। यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में असरानी की भी झलक मिलेगी। पिछले साल इस दिग्गज अभिनेता ने दुनिया को अलविदा कह दिया था।



## हॉलीवुड मसाला



# वैल को निधन के 1 साल बाद एआई ने किया जिंदा

**लॉस एंजिल्स।** 'बैटमैन फॉरएवर' और 'टॉप गन' जैसी फिल्मों के लिए पहचाने जाने वाले दिवंगत एक्टर वैल किल्मर की बीते साल अप्रैल में मौत हो गई थी। 65 साल की उम्र में उनका निधन हुआ था। अब जब फैंस यह मानकर चल रहे थे कि वह अपने फेवरेट एक्टर को पर्दे पर दोबारा नहीं देख पाएंगे, जनरेटिव एआई ने उन्हें डिजिटली फिर से जिंदा कर दिया है। जी हां, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए हम और आप अपकमिंग फिल्म !कब्र की तरह गहरा' में वैल किल्मर को एक्टिंग करते हुए देखेंगे। इस फिल्म के लिए उन्हें साल 2020 में कास्ट किया गया था। उन्होंने इसके कुछ हिस्सों की शूटिंग की थी, जबकि कई सीन शूट नहीं कर पाए थे। अब इस खबर ने सोशल मीडिया पर नई बहस छेड़ दी है। कई फैंस जहां एक्टर को दोबारा पर्दे पर देखने के लिए बेताब हैं, वहीं कइयों ने इसे तकनीक का 'घटिया इस्तेमाल' बताया है।



# डिज्नी ने किया समर 2028 लाइन-अप का ऐलान

**लॉस एंजिल्स।** डिज्नी ने हाल ही में अपनी समर 2028 लाइन-अप का ऐलान कर दिया है। इसमें 'इनक्रेडिबल्स 3' और 'लिलो एंड स्टिच 2' को लेकर भी बड़ा अपडेट दिया गया है, जिसमें इन दो बड़ी फिल्मों की रिलीज डेट सामने आ गई है। इस अपडेट के बाद अब फैंस की एक्साइटमेंट भी बढ़ गई है। डिज्नी के मुताबिक, एनिमेशन फिल्म 'इनक्रेडिबल्स 3' 16 जून 2028 को थिएटर्स में रिलीज होगी। इस बार फिल्म को पीटर सोहन डायरेक्ट करेंगे, जबकि ब्रैड बर्ड इसमें राइटर के तौर पर जुड़े रहेंगे। वहीं दूसरी तरफ, 'लिलो एंड स्टिच 2' 26 मई 2028 को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। 'लिलो एंड स्टिच 2' की बात करें, तो इसकी कहानी क्रिस सैंडर्स लिख रहे हैं, जो इस फ्रेंचाइजी के ओरिजिनल क्रिएटर भी हैं। मेकर्स ने इन फिल्मों की रिलीज डेट की घोषणा अपने इंस्टाग्राम हैंडल के जरिए शेयर की है। रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों फिल्में कुछ हफ्तों के अंतर में रिलीज होंगी, जिससे समर 2028 में डिज्नी का बड़ा बॉक्स ऑफिस धमाका देखने को मिल सकता है। कुल मिलाकर, डिज्नी की ये अनाउंसमेंट फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है और 2028 का समर सीजन एंटरटेनमेंट से भरपूर रहने वाला है।



# सरके चुनर तेरी गाने की सिंगर ने मांगी माफी


**मुंबई।** नोरा फतेही और संजय दत्त पर फिल्माया गया गाना 'सरके चुनर तेरी' को लेकर विवाद मचा हुआ है। गाने के बोल और डांस स्टेप्स को लोगों ने आपत्तिजनक पाया, जिसके बाद इसको लेकर विवाद शुरू हो गया। आखिरकार सरकार ने गाने पर एक्शन लेते हुए इसके हिंदी वर्जन को यूट्यूब से हटा दिया। अब गाने के कन्नड़ वर्जन 'सरसे निन्ना सेरागा सरसे' की सिंगर मंगली, जिन्होंने हिंदी वर्जन भी गाया है, उन्होंने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। लोगों से माफी मांगते हुए सिंगर ने जल्द ही गाने के संशोधित वर्जन के रिलीज होने की बात कही। मंगली ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की। इसमें उन्होंने लोगों से 'सरके चुनर तेरी' गाने को लेकर उठे विवाद पर माफी मांगी। मंगली ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए, गीत को सभी प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया है।



# रश्मिका ने जाहिर की अवॉर्ड मिलने की खुशी

**मुंबई।** तेलंगाना गद्दर फिल्म अवॉर्ड्स 2025 में रश्मिका मंदाना को 'द गर्लफ्रेंड' में उनकी एक्टिंग के लिए स्टेट अवॉर्ड दिया गया। जिसकी खुशी उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की। एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के जीवन का 2026 एक महात्वपूर्ण साल रहा। 'मैसा' आने वाली है। वहीं फरवरी में विजय देवराकोंडा के साथ उनकी शादी भी हुई है। इसके साथ ही उनके बॉलीवुड प्रोजेक्ट्स भी लाइन अप हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए अपने राज्य स्तर पर सम्मान पाने की खुशी जाहिर की। 19 मार्च 2026 की रात तेलंगाना गद्दर फिल्म अवॉर्ड्स 2025 के शानदार आयोजन में रश्मिका मंदाना भी पहुंची थी। वहां उन्हें 'द गर्लफ्रेंड' के लिए इस स्टेट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। अपनी इस खुशी को रश्मिका ने सोशल मीडिया पोस्ट को जरिए शेयर किया।

## टीवी मसाला



# नागिनों ने किया रॉकेट लॉन्च, दी सलामी, लोगों ने उड़ाई खिल्ली

**नई दिल्ली।** एकता कपूर का शो 'नागिन 7' जब से शुरू हुआ है, तब से किसी न किसी कारण से खबरों में बना ही रहता है। इस बार तो हद ही हो गई जब नागिनों ने रॉकेट लॉन्च करके उसे सलामी दी। ये सीन खूब वायरल हो रहा है और खिल्ली भी उड़ रही है। 'नागिन 7' में रॉकेट लॉन्च को सलामी देते हुए नागिनों का एक सीन वायरल होने के बाद से ही हलचल मची हुई है। देशभक्ति और कल्पना के इस मिश्रण ने लोगों का ध्यान खींचा है, जिससे ऑनलाइन रिएक्शन्स की बाढ़ आ गई है। कलर्स टीवी पर हाल ही में प्रसारित एक एपिसोड में दिखाए गए इस सीन में नागिनें अपने मानव रूप में आकाश में रॉकेट लॉन्च देखती हुई दिखाई देती हैं। रॉकेट के उड़ान भरने के साथ ही सभी सलामी देते हैं, जबकि बैकग्राउंड में वंदे मातरम की धुन बजती है। इस सीन ने एक्स पर रिएक्शन्स की बाढ़ ला दी, जिसमें यूजर्स ने शो के क्रिएटर्स पर मजेदार कमेंट किए। एक ने लिखा- यह किसी बॉलीवुड फिल्म के सीन जैसा लग रहा है। एक ने कहा- इन नागिनों ने इतिहास बदल दिया है। दूसरे ने मजाक में कहा- इन नागिनों को बॉर्डर पर भेज दो। तीसरे ने कहा- भारतीय टीवी शो और उनका कभी न खत्म होने वाला नाटक। एकता कपूर का शो 'नागिन' लंबे समय से भारतीय टेलीविजन के सबसे फेमस शोज में से एक रहा है। वर्षों से, इसने एक फैनबेस बनाया है और साथ ही अपनी अलग कहानी और अनोखे सीन्स के कारण बार-बार वायरल भी हुई है।

## हिना ने हाथों में लगाई ईद की मेहंदी

**नई दिल्ली।** हिना खान ने ईद की हाथों में मेहंदी लगाई। इसमें पति रॉकी जायसवाल का भी नाम लिखवाया। हिना ने हाथों के साथ-साथ पैरों पर भी खूबसूरत मेहंदी लगवाई। इस मौके पर उन्होंने सलवार, झुमके और चूड़ियां भी पहनीं। हिना खान बेहद खूबसूरत लग रही थीं और उनकी मदमस्त अदाएं फैंस के दिलों पर छुरियां चला रही हैं, पर कुछ लोगों को इस पर भी परेशानी हो गई। उन्होंने अपने तानों और कमेंट्स से हिना खान के ईद के जश्न में खलल डालने की कोशिश की। जहां कुछ ने पूछा कि क्या हिना ने रोज़े रखे थे, जो वो ईद मना रही हैं, तो वहीं कुछ ने ताना मारा कि जो लोग रोज़े नहीं रखते हैं उनकी ईद दो दिन पहले ही शुरू हो जाती है। हिना खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ईद की तैयारियां दिखाते हुए 12 तस्वीरें शेयर कीं। इस पोस्ट पर जहां फैंस ने प्यार बरसाया, वहीं कुछ यूजर्स ने ऊल-जुलूल कमेंट्स करने शुरू कर दिए। एक ने लिखा, 'जो रोज़े नहीं रखते, उनकी ईद दो दिन पहले आ जाती है।'



# टॉलीवुड, कॉलीवुड और बॉलीवुड नहीं सिर्फ भारतीय सिनेमा होना चाहिए


**मुंबई।** उगादी के अवसर पर बीते दिन तेलंगाना गद्दर फिल्म अवॉर्ड्स 2025 आयोजित हुए। यहां भारतीय सिनेमा के कई सितारे पहुंचे। कुछ को सम्मानित भी किया गया। अवॉर्ड नाइट में दिग्गज अभिनेता कमल हासन और मेगा स्टार चिरंजीवी को भी पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी दौरान दोनों सितारों ने इस बात पर जोर दिया कि देश में क्षेत्रीय सिनेमा की बाउंड्रीज नहीं होनी चाहिए। सिर्फ एक ही सिनेमा यानी 'भारतीय सिनेमा' होना चाहिए। तेलंगाना गद्दर फिल्म अवाड्र्स 2025 में कमल हासन ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से भारत की क्षेत्रीय फिल्म इंडस्ट्रीज के बीच की सीमाओं को खत्म करने की अपील की। वहीं, चिरंजीवी ने हैदराबाद को देश का सिनेमा का हब बनाने का अपना



विजन पेश किया। बता दें कि बीती रात दोनों दिग्गज सितारों को सम्मानित किया गया। कमल हासन को इस अवॉर्ड फंक्शन में पैडी जयराज फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं, मेगास्टार चिरंजीवी को एनटीआर राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद दोनों सितारों ने मंच से कुछ ऐसा कहा, जिसकी इंडस्ट्री को काफी समय से जरूरत थी। अवॉर्ड फंक्शन में कमल हासन ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की ओर रुख किया और उनसे एक गुजारिश की। कमल हासन ने कहा, 'क्योंकि इस एकता के असली हीरो आप हैं, इसलिए मैं आपसे गुजारिश करता हूं अब और टॉलीवुड, कॉलीवुड, बॉलीवुड, मॉलीवुड या सैंडलवुड नहीं। अब सिर्फ एक ही नाम होना चाहिए।

# ओपनिंग डे पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई के बाद भी धुरंधर 2 की दर्शकों ने गिना दी कमियां

**मुंबई।** गुरुवार को 'धुरंधर 2' ने सिनेमाघरों में कदम रखा और पहले ही दिन सबसे ज्यादा कलेक्शन करने वाली फिल्म बन गई। इस फिल्म को लेकर रिलीज से पहले ही अलग तरह का बज बना हुआ था, लेकिन कुछ दर्शकों, फैंस को इसमें कमियां भी नजर आईं।



### उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी

फिल्म 'धुरंधर' के बाद फैंस को 'धुरंधर 2' से काफी उम्मीद थी। लेकिन, यह उनकी उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकी। एक यूजर ने फिल्म को लेकर लिखा, 'एक सिनेमा प्रेमी के तौर पर मैं पार्ट 2 से बहुत ज्यादा उम्मीदें लेकर गया था। लेकिन, यह उन उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। फिल्म बेवजह खिंची हुई लगती है। वह जबरदस्त कहानी कहने का अंदाज, जिसने पहले हिस्से को इतना कामयाब बनाया था, यहां नदारद है। यह पूरी तरह से बुरी तो नहीं है, लेकिन इसने जो वादा किया था, उसके मुकाबले यह यकीनन निराश करने वाली फिल्म है।' इसी तरह की शिकायत कई लोगों को फिल्म से है, 'धुरंधर 2' का रन टाइम लगभग चार घंटे था, जो कि कई लोगों के लिए काफी ज्यादा था। इतनी देर बैठकर फिल्म देखना कई लोगों के लिए मुश्किल हो गया। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'थोड़ी धीमी शुरुआत, ज्यादा हिंसा और थोड़ी ज्यादा ही पॉलिटिक्स। लेकिन, बिना किसी गलती के डायरेक्टेड और जबरदस्त एक्टिंग वाली फिल्म है। इसे जरूर देख सकते हैं।'

### किसी ने खोखली फिल्म तक कह दिया

कुछ लोगों को 'धुरंधर 2' लंबी और वॉयलेंस से भरी फिल्म लगी, लेकिन इसे फिर भी वह दिखने की बात कहते हैं। लेकिन ,कुछ दर्शकों ने इसे खोखली फिल्म कह दिया। एक यूजर ने ट्वीट पर कमेंट करते हुए लिखा, 'अभी-अभी यह फिल्म देखी। यह बहुत शोरगुल वाली और खोखली फिल्म है। इसमें कहानी से ज्यादा शोर है, बहुत ज्यादा हिंसा है। गालियों से भरी हुई और एक खींचे हुए प्रोपेगैंडा नैरेटिव पर बेस्ड है। रणवीर सिंह भी हमजा के तौर पर दर्शकों को प्रभावित करने में नाकाम रहे।' ट्वीट में आगे लिखा है, 'बस भारत-पाकिस्तान के बीच टकराव का एक ही घिसा-पिटा एंगल है, न कोई अच्छा संगीत है, और न ही कोई भावनात्मक या देशभक्ति से जुड़ाव है। आप यह सोचने पर मजबूर हो जाते हैं कि आदित्य धर आखिर क्या करना चाह रहे थे? कहानी सुनाना या फिर बस टकराव का फायदा उठाना।

## इस वीकएंड ओटीटी पर होगी मनोरंजन की बारिश

# बॉर्डर 2 से चिरैया तक रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सिनेमाघरों में 'धुरंधर 2' ने दस्तक दे दी है। संभव है कि आप भी वीकएंड पर इस फिल्म को देखने का प्लान बना रहे हों, लेकिन अगर आप घर बैठे ओटीटी पर कुछ देखना चाह रहे हैं तो इस बार की लिस्ट काफी दिलचस्प है। एक्शन से लेकर सस्पेंस तक का डोज दर्शकों को मिलने वाला है।

### बॉर्डर 2

सिनेमाघरों में जबर्दस्त कमाई करने के बाद फिल्म 'बॉर्डर 2' अब ओटीटी पर भी आ चुकी है। यह सीरीज 20 मार्च से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। इस वीकएंड पर आप इसे परिवार के साथ देख सकते हैं। यह फिल्म 1997 की क्लासिक फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है। फिल्म 'बॉर्डर 2' 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित है। इसमें सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ जैसे सितारे हैं।

### अ डिफरेंट मैन

यह साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। सेबेस्टियन स्टेन और एडम पियर्सन अभिनीत यह फिल्म 20 मार्च 2026 से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। यह एक ऐसे शख्स की कहानी है, जो चेहरे की सर्जरी के बाद बाहरी रूप तो बदल लेता है, लेकिन अपने आंतरिक संघर्षों से नहीं जीत पाता।



### डेडलॉक सीजन 2

अगर आपको क्राइम मिस्ट्री देखना पसंद है तो 'डेडलोक सीजन 2' आपके लिए शानदार विकल्प है। इस सीजन में डिटेक्टिव डल्सी और एडी रेडक्लिफ एक बार फिर लौट आए हैं। इस बार वे एक मर्डर मिस्ट्री सुलझाते नजर आएंगे। यह 20 मार्च से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है।

### चिरैया

दिव्या दत्ता, प्रसन्ना बिष्ट और संजय मिश्रा अभिनीत वेब सीरीज 'चिरैया' इस वीकएंड देखी जा सकती है। यह सीरीज आज 20 मार्च को जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई है। यह सवेंदनशील कहानी पर आधारित सीरीज है। सीरीज महिला केंद्रित है, मगर यह पुरुषों को भी जरूर देखनी चाहिए।

### जटाधारा

सोनाक्षी सिन्हा की एक्शन थ्रिलर फिल्म भी अब ओटीटी पर आ चुकी है। इस फिल्म में एक 'धन पिशाचिनी' (धन के राक्षस) की कहानी के जरिए आस्था और तर्क के बीच के टकराव को दिखाया गया है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने खास प्रदर्शन नहीं किया था। हालांकि, इसकी सिनेमैटोग्राफी, विजुअल इफैक्ट्स और अभिनय की तारीफ हुई थी। 20 मार्च से 'जटाधारा' जी5 पर उपलब्ध है।

## खबर संक्षेप

### हवन में आहूति से वातावरण शुद्ध होता है : आत्मानंद पुरी

**सिरसा।** महामंडलेश्वर स्वामी आत्मानंद पुरी ने शिव शक्ति योग मिशन द्वारा भागवत कथा की समाप्ति पर आयोजित हवन व भंडारे में श्रद्धालुओं को बताया कि जहां हवन द्वारा वातावरण की शुद्धि और नकारात्मकता दूर होती है, वहीं भंडारा के माध्यम से समाज में समरसता व निस्वार्थ सेवा का संदेश दिया जाता है। यह समर्पण, भक्ति और ईश्वर के प्रति कृतज्ञता को प्रकट करता है। उन्होंने कहा कि हवन की अग्नि में आहुति से वातावरण शुद्ध होता है, जिससे आत्मिक बल और मन को शांति मिलती है और यह नकारात्मक ऊर्जा को दूर कर जीवन में सकारात्मकता व सुख-शांति लाता है। स्वामी जी ने कहा कि हवन द्वारा देवताओं को आहुति दी जाती है, जिससे वे प्रसन्न होकर मनवांछित फल व आशीर्वाद प्रदान करते हैं।

### स्वयंसेवकों ने जल संरक्षण पर बनाया वीडियो संदेश

**सिरसा।** सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनएसएस की दोनों यूनिटों के स्वयंसेवकों ने जल संरक्षण के प्रण विषय पर वीडियो संदेश बनाया है। प्राचार्या अंशु उप्पल ने कहा कि जल संरक्षण सम्पूर्ण विश्व के लिए एक विशेष अभियान के रूप में प्रचारित होना चाहिए। हम सभी को विश्व कल्याण के लिए प्रेरित करतें हुए। जल के महत्व व भविष्य की योजनाएं सांझा करनी चाहिए कि किस प्रकार हम इस वैश्विक संकट से भविष्य में कार्य करेगें। जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। जल है, तो कल है, इसी धेय को समस्त विश्व को आत्मसात करना ही होगा। तभी हम जल संरक्षण एंव जल के महत्व के महाअभियान को निश्चित रूप से बढ़ा सकते है। और अपने लक्ष्य को सार्थक कर सकते हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रति तिवारी व डॉ. सरवन कंबोज ने जल संरक्षण के अभियान को निरंतर जारी रखने का संदेश दिया।

### खिलाडि़यों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं: कुमारी सैलजा

**सिरसा।** लोकसभा में हरियाणा के खेल मैदानों की खराब स्थिति को लेकर केंद्र सरकार द्वारा दिए गए जवाब पर कड़ी आपत्ति जताते हुए सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि केंद्र सरकार का यह रवैया अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और आपत्तिजनक है। मीडिया को जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि हरियाणा देश का ऐसा प्रदेश है, जिसने ओलंपिक में लगभग 33 प्रतिशत पदक देश को दिलाए हैं, लेकिन विडंबना यह है कि उसी प्रदेश में खेल सुविधाओं के नाम पर केंद्र सरकार पल्ला झाड़ती नजर आ रही है। सैलजा ने कहा कि खेल मंत्री द्वारा दिया गया उत्तर जिम्मेदारी से बचने वाला है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हरियाणा जैसे खेल प्रतिभाओं से भरपूर राज्य में न तो केंद्र सरकार और न ही राज्य सरकार खेल मैदानों के सुधार के लिए कोई ठोस और कारगर कदम उठा रही है। उन्होंने रोहतक की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि जर्जर खेल मैदानों के कारण खिलाड़ियों की जान तक चली गई, जो अत्यंत दुखद और चिंताजनक है।

## महाशक्ति ट्रस्ट का नशे के खिलाफ कार्यक्रम : बीजेपी जिलाध्यक्ष को दिया निमंत्रण

# नशे के खिलाफ समाज को जागरूक करने से बड़ी कोई देशसेवा नहीं : प्रवीण जोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि आज के समय में समाज को नशे जैसी घातक बुराई के खिलाफ जागरूक करना सबसे बड़ी देशसेवा है। शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव ने जिस आजाद और सशक्त भारत का सपना देखा था, उस सपने को साकार करने के लिए आज के युवाओं को नशे की बेडिय़ों को तोडक़र आगे आना होगा। यह बात बीजेपी जिलाध्यक्ष ने महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात करते हुए कही। इस दौरान ट्रस्ट की ओर से जिलाध्यक्ष को 23 मार्च शहीदी दिवस पर फतेहाबाद की अनाज मंडी में आयोजित होने वाले 'नशे के खिलाफ एक विशाल यात्रा' कार्यक्रम का निमंत्रण दिया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति तभी संभव है जब हमारी युवा शक्ति स्वस्थ और व्यसनमुक्त हो। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार युवाओं के कौशल विकास, स्वरोजगार और खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर ऐतिहासिक कदम उठा रही है। सरकार की नीतियां युवाओं को नशे के अंधकार से निकालकर विकास के उजाले की ओर ले जाने के लिए समर्पित हैं। ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह ने जिलाध्यक्ष का आभार जताते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में ही ट्रस्ट द्वारा फतेहाबाद जिले से नशामुक्त समाज की मुहिम शुरू की गई है। उन्होंने बताया, इस अभियान के अब तक बहुत ही सकारात्मक परिणाम मिले हैं। जिले के अनेक युवा नशे की दलदल को छोडक़र अब समाज की मुख्य धारा में लौट चुके हैं और सम्मानजनक जीवन जी रहे हैं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को नशे के प्रति सजग करना, प्रभावितों का पुनर्वास करना और एक स्वस्थ, नशामुक्त हरियाणा का निर्माण करना है।


**फतेहाबाद।** बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा को नशे के खिलाफ कार्यक्रम का निमंत्रण देते महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट की टीम। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर बीजेपी के जिला मीडिया प्रभारी कंवल चौधरी, लीगल सैल जिलाध्यक्ष सतपाल सेठी, मोहन गढ़वाल सरपंच, अकांवाली, गुरदीप अयाल्की, हरीश अकांवाली, प्रमोद अहलीसदर, माही मालिया भड़ोलांवाली, गुरभेज सिंह, सरपंच, रजाबाद आदि मौजूद रहे।

### एमएम कॉलेज में 'नशा मुक्ति' वर्कशॉप और इंटरनेशनल हैप्पीनेस डे का आयोजन



*फतेहाबाद। एमएम कॉलेज में विद्यार्थियों को सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूक करने और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से 'नशा मुक्ति' और इंटरनेशनल हैप्पीनेस डे पर ध्यान केंद्रित किया गया। नशामुक्त भारत विषय पर आयोजित कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में नशामुक्ति केंद्र इंचार्ज एवं प्रसिद्ध मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. गिरीश और महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह ने भाग लिया। महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह ने युवाओं में जोश भरते हुए उन्हें 23 मार्च शहीदी दिवस के अवसर पर अनाज मंडी, फतेहाबाद में आयोजित होने वाली 'नशे के खिलाफ एक विशाल यात्रा' में बढ़-चढक़र भाग लेने का निमंत्रण दिया। इसके अलावा कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास की अध्यक्षता में इंटरनेशनल हैप्पीनेस डे पर भी एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। प्राचार्य ने कहा कि प्रसन्नता कोई बाहरी वस्तु नहीं, बल्कि एक आंतरिक स्थिति है। सकारात्मक सोच और संतोष ही खुशहाल जीवन की असली कुंजी है। उन्होंने छात्रों को तनाव मुक्त रहकर अपनी पढ़ाई और करियर पर ध्यान केंद्रित करने के टिप्स दिए। इस अवसर पर मनोविज्ञान विभाग द्वारा डॉ. विजय गोयल व प्रो. विकास बैनीवाल के मार्गदर्शन में पोस्टर मेकिंग व स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने पोस्टरों के माध्यम से प्रभावशाली संदेश दिए। विजेता विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आईसीएस से रवि भाकर, विपुल सोनी सहित कॉलेज से प्रो. सुरेन्द्रपाल सिद्धू, डॉ. रामगोपाल काजल, डॉ. मीनाक्षी कोहली सहित अन्य स्टाफ सदस्य और काफी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे, जिन्होंने इस सामाजिक मुहिम में अपना सहयोग देने की शपथ ली।*


**फतेहाबाद।** डीएवी पुलिस स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते नन्हें विद्यार्थी।

# नन्हे मुन्नों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा मन

## डीएवी पुलिस स्कूल में 'दीक्षांत समारोह'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में वार्षिक 'दीक्षांत समारोह' का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में नन्हे विद्यार्थियों के उत्साह और उनकी प्रतिभा का अनूठा संगम देखने को मिला। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण यूकेजी कक्षा के विद्यार्थी रहे, जिन्होंने अपनी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से वहां मौजूद सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छोटे बच्चों ने रंग-बिरंगी पोशाकों में सजकर विभिन्न गीतों पर नृत्य पेश किया और लघु नाटिकाओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दीक्षांत समारोह के दौरान यूकेजी के विद्यार्थियों को औपचारिक रूप से अगली कक्षा में प्रमोट किया गया। ग्रेजुएशन गाउन और कैप पहने इन नन्हें स्नातकों के चेहरों पर एक अलग ही खुशी और आत्मविश्वास झलक रहा था।

### प्रमोशन समारोह में बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ा

स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती अमिता सिंह ने इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बधाई दी। उन्होंने कहा, यह समारोह केवल बच्चों के एक कक्षा से दूसरी कक्षा में जाने का प्रतीक नहीं है, बल्कि उनकी शुरुआती शिक्षा के सफल पड़ाव का उत्सव है। बच्चों के सर्वांगीण विकास में शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने शिक्षकों के समर्पण की सराहना की और बच्चों को इसी तरह निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में अभिभावकों ने स्कूल प्रशासन के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बेहतरीन मंच मिलता है। स्कूल परिसर 'जय हिंद' और बच्चों की खिलखिलाहट के नारों से गुंजायमान रहा।

### खरीद व्यवस्था के निर्देशों को वापस ले सरकार: संधु

**सिरसा।** अखिल भारतीय किसान सभा के प्रदेशाध्यक्ष गुरभजन संधु व महासचिव डॉ. सुखदेव सिंह जम्मू ने कहा कि रबी 2026 की फसल खरीद के लिए हरियाणा सरकार द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देश अव्यवहारिक हैं और सरकार को इसे अविलंब वापिस लेना चाहिए। शुक्रवार को जारी बयान में सभा के पदाधिकारियों ने कहा कि इन निर्देशों से किसानों को अपनी फसल बेचने में अनेक परेशानी उठानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि अभी रबी सीजन की फसलों की सरकारी खरीद के लिए सरकार ने ऑनलाइन पोर्टल पंजीकरण, ट्रैक्टर नंबर प्लेट की अनिवार्यता, गेट पर किसान के अंगूठे के निशान लगवाना या फोन ओटीपी आदि की जो अनिवार्यता लागू की है, वो सरासर किसान विरोधी निर्णय है। इससे किसानों को मंडी में अपनी फसल बेचने में अनेक दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा और किसान मंडियों के बाहर लंबी लंबी लाइनें और घंटों इंतजार और परेशानी का सामना करने को मजबूर होंगे। सरकार के इन नए नियमों के पीछे सरकार की मंशा किसानों को परेशान करने की जायदा लगती है। सभा पदाधिकारियों ने कहा कि सरसों व गेहूं का सीजन कम समय का होता है और इस सीमित समय में मंडियों में गेहूं की आवक जायदा होती है सरकार के ये नए निर्देश लागू होने से किसान मंडी में फसल ही नहीं डाल पाएंगे और घंटों इंतजार करने को मजबूर होंगे, न ही किसान के पास इतने साधन हैं कि वो लाइन में लगे रहें।

**विद्यार्थियों ने अपनी बौद्धिक क्षमता का परिचय देते हुए कठिन प्रतिस्पर्धा को पार किया**

# इंदाछोई प्राथमिक स्कूल के 5 छात्रों का जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शिक्षा के क्षेत्र में सरकारी स्कूलों का दबदबा लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला, इंदाछोई के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत के दम पर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

दिसंबर 2025 में आयोजित हुई जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में स्कूल के पांच विद्यार्थियों ने शानदार सफलता हासिल करते हुए खारा खेड़ी स्थित नवोदय विद्यालय में अपना चयन सुनिश्चित किया है। सफलता की इस ऊँचाई को छूने वाले होनहार छात्रों में सूरज, रॉबिन, विनय कलोइया, हरप्रीत तथा मयंक के नाम शामिल हैं। इन सभी विद्यार्थियों ने अपनी बौद्धिक क्षमता का परिचय देते हुए कठिन प्रतिस्पर्धा को पार किया और नवोदय विद्यालय जैसी प्रतिष्ठित संस्था में सीट पक्की की।

स्कूल के मुख्य शिक्षक प्रदीप गिल ने पांचों बच्चों को स्कूल परिवार की ओर से बधाई दी और उनका मुंह मीठा करवाया। इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि यह सफलता बच्चों के कड़े परिश्रम और स्कूल के समर्पित व मेहनती स्टाफ की दिन-रात की मेहनत का परिणाम है। हमारे शिक्षकों ने विद्यार्थियों को परीक्षा के स्तर के अनुरूप तैयार किया, जिसका फल आज सबके सामने है। मुख्य शिक्षक ने इस अवसर पर ग्राम वासियों से अपील करते हुए कहा कि सरकारी स्कूलों में आज निजी स्कूलों से बेहतर सुविधाएं और योग्य शिक्षक मौजूद हैं। उन्होंने अभिभावकों को प्रोत्साहित किया कि वे अपने बच्चों का अधिक से अधिक दाखिला सरकारी स्कूल में करवाएं ताकि उन्हें भी ऐसी उत्कृष्ट शिक्षा और बेहतर भविष्य के अवसर मिल सकें। इस उपलब्धि से पूरे गांव इंदाछोई में खुशी का माहौल है और अभिभावकों ने स्कूल स्टाफ के प्रयासों की जमकर सराहना की है।



**फतेहाबाद।** इंदाछोई स्कूल में जेएनवी में चयनित पांचों विद्यार्थियों को बधाई देते मुख्य शिक्षक। फोटो : हरिभूमि


**ओढ़ां।** शैक्षणिक भ्रमण करने गया विद्यार्थियों का दल।

### पन्नीवालामोटा इंजी. कालेज के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**ओढ़ां।** चौधरी देवीलाल स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी पन्नीवालामोटा के सीएसई एंड डेटा साइंस विभाग के विद्यार्थियों को औद्योगिक ज्ञान से अवगत कराने के लिए हिसार स्थित प्रा. लि. का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को उद्योगों के वास्तविक कार्य परिस्थितियों से परिचित कराना तथा उनके व्यावहारिक ज्ञान में वृद्धि करना था। इस भ्रमण में विद्यार्थियों के साथ भारती सेठी, वर्षा रानी एवं डॉ. सुरेश जाखड़ मौजूद थे। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने कंपनी की कार्य प्रणाली, आधुनिक तकनीकों तथा प्रोजेक्ट डेवलपमेंट प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। कंपनी के विशेषज्ञों द्वारा छात्रों को विभिन्न तकनीकी पहलुओं और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट के व्यावहारिक उपयोग से अवगत कराया गया। इस औद्योगिक भ्रमण से विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण इंडस्ट्री एक्सपोजर प्राप्त हुआ, जिससे उनके तकनीकी ज्ञान और कौशल में वृद्धि हुई।

### छोटे पक्षियों को बचाने के लिए उठाए जाएं ठोस कदम: ग्रोवर

**सिरसा।** राजकीय सीनियर सकेंडरी विद्यालय परिसर में विश्व गौरैया दिवस पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विलुप्त होती गौरैया के संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता फैलाना था। मुख्य वक्ता नरेश कुमार ग्रोवर ने बताया कि गौरैया जो कभी हमारे घर-आंगन का अभिन्न हिस्सा हुआ करती थी, आज तेजी से घटती जा रही है। उन्होंने इसके प्रमुख कारणों में शहरीकरण, मोबाइल टावरों से निकलने वाला विकिरण, पेड़ों की कटाई, तथा आधुनिक निर्माण शैली को जिम्मेदार बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि हमें प्रकृति के इस छोटे लेकिन महत्वपूर्ण पक्षी को बचाने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। उन्होंने सुझाव दिया कि घरों और विद्यालयों में छोटे-छोटे घोंसले लगाए जाएं, पक्षियों के लिए दाना और पानी की व्यवस्था की जाए, पेड़-पौधों का संरक्षण और अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाए, रासायनिक कीटनाशकों का कम उपयोग किया जाए। ग्रोवर ने बताया कि विश्व गौरैया दिवस मनाने का उद्देश्य केवल एक दिन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमें प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने का संदेश देता है। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे प्रयास करके पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें। इस अवसर पर मनीष कुमार मेहता सहित प्रकाश सिंह, गौरव, प्रिंस छाबड़ा, रोहित, रोहतास कुमार, अजय कुमार, सुखविंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, संदीप कुमार एवं दलजीत सिंह आदि मौजूद थे।

# बुजुर्ग महिला से सोने की बाली छीनने के मामले में आरोपी युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

बुजुर्ग महिला से सोने की बाली छीनने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर रतिया पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान सतनाम सिंह पुत्र हरमेश सिंह निवासी हड़ौली के रूप में हुई है। काबू किए गए आरोपी को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है तथा आरोपी से छीनी गई सोने की बाली भी बरामद कर ली गई है। थाना सदर रतिया के प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि इस संबंध में पुलिस ने भागवंती निवासी गांव हड़ौली की शिकायत पर केस दर्ज किया था। महिला ने अपनी शिकायत में कहा था कि 18 मार्च को दोपहर करीब 2 बजे वह अपने घर पर अकेली चारपाई पर बैठी थी। इसी दौरान उसका पोता सतनाम सिंह पुत्र हरमेश सिंह उसके पास आया और बातचीत करने लगा। कुछ समय बाद उसके दो साथी भी वहां आ गए, जिन्हें वह पहले भी आते-जाते देख चुकी थी। उन्होंने बताया कि बातचीत के दौरान आरोपी सतनाम सिंह अपने साथियों को इशारा कर बाहर चला गया, जिसके बाद उसके दोनों साथियों ने अचानक उसके कानों पर झपट्टा मारकर उसके दाहिने कान की सोने की बाली छीन ली।


**रतिया।** महिला से छीना झपटी मामले में गिरफ्तार युवक।

### एससी/एसटी अत्याचार मामलों की जांच में तेजी लाने के निर्देश

**सिरसा।** उपमंडल अधिकारी राजेंद्र कुमार ने शुक्रवार को विजिलेंस एवं मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत एक दिसंबर से 28 फरवरी तक दर्ज मामलों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिनियम के अंतर्गत दर्ज मामलों की जांच में तेजी लाई जाए, ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय और आर्थिक सहायता मिल सके। उन्होंने कहा कि पुलिस जांच लंबित नहीं रहनी चाहिए और सभी मामलों का निपटारा निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जाए। साथ ही, सरकार द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के लिए चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए ताकि पात्र व्यक्ति इन योजनाओं का लाभ उठाकर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। उन्होंने डायल 112 हेल्पलाइन नंबर के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार या उत्पीडऩ की स्थिति में आमजन इस नंबर पर तुरंत संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति/जनजाति के व्यक्तियों के साथ होने वाले किसी भी अत्याचार के मामलों में पीड़ित परिवार को शीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। समय पर दी गई सहायता न केवल आर्थिक संबल प्रदान करती है, बल्कि पीड़ितों को मानसिक और भावनात्मक रूप से भी मजबूती देती है। उन्होंने निर्देश दिए कि सहायता प्रदान करने में किसी भी प्रकार की देरी न हो। बैठक में उप पुलिस अधीक्षक राज सिंह, तहसील कल्याण अधिकारी श्रवण कुमार, तहसीलदार सिरसा प्रदीप कुमार तथा उपमंडल अधिकारी पंचायती राज दलबीर सिंह, गैर सरकारी सदस्य कृष्णा देवी, जुगनू राम आदि मौजूद थे।

# पर्यावरणीय कानून, सतत विकास विषय हुई अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

लाला हंसराज फुटेला कॉलेज ऑफ लॉ में शुक्रवार को पर्यावरणीय कानून और सतत विकास विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी हुई। कार्यक्रम में देश-विदेश के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, विधि विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं एवं विद्यार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। संगोष्ठी में मुख्यातिथि पर्यावरणविद रमेश गोयल एडवोकेट, ने पर्यावरण से जुड़े समस्त कानूनों पर अपना वक्तव्य दिया और वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उनकी उपयोगिता की जानकारी दी। राव विश्वविद्यालय, पेरिस के कुलपति डॉ. गुलाब मीर रहमानीने पर्यावरण सुरक्षा और सतत विकास विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। पूर्व मंत्री, परिवहन मंत्रालय, अफगानिस्तान इमाम मोहम्मद वेरिमोक ने भी पर्यावरण नीतियां बनाने में मीडिया के योगदान पर बल दिया। प्रो. फेरियाल दहकन ने पर्यावरण सुरक्षा में महिलाओं की भूमिका पर सारगर्भित वक्तव्य दिया। मुख्य वक्ता प्रो. आशीष विर्क ने पर्यावरणीय कानून और सतत विकास पर विस्तार की जानकारी दी। प्रो. अशोक मक्कड़ ने भी पर्यावरणीय कानून, उनके सतत विकास और वर्तमान समय में कानूनी परिवर्तनों के सामाजिक, आर्थिक एवं वैश्विक परिणामों पर विस्तार से चर्चा की और उनके संरक्षण पर भी विशेष बल दिया। प्रथम तकनीकी सत्र में डॉ. राखी गहल्याण विषय विशेषज्ञ के तौर पर मौजूद थी। इस दौरान शोध पत्रों के पठन-पाठन का सिलसिला शुरू हुआ जिसमें विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों से उपस्थित शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। द्वितीय तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ. विकास पूनिया एवं सहायक प्रो. परमजीत कौर ने की। संगोष्ठी के संयोजक डॉ. दीपक पूनिया ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की।



**सिरसा।** संगोष्ठी को संबोधित करते एडवोकेट रमेश गोयल।

**बैठक** एसपी ने जिले के प्रमुख व्यापारियों व होटल संचालकों के साथ की सुरक्षा समन्वय बैठक

# दुकानों, संस्थानों एवं कार्यालयों में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाएं व्यापारी : सिद्धांत जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

एसपी सिद्धांत जैन ने पुलिस लाइन स्थित एनजीओ मेस के मीटिंग हॉल में जिले के प्रमुख व्यापारिक वर्ग के प्रतिनिधियों के साथ संवाद बैठक की। इस बैठक में जिलेभर से आए पेट्रोल पंप मालिकों, आढ़तियों, ज्वैलरी व्यवसायियों, शराब कारोबारियों, बैंक प्रबंधकों सहित अन्य प्रतिष्ठित व्यापारिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक का उद्देश्य जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना, व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करना तथा पुलिस-व्यापारी समन्वय के माध्यम से अपराध नियंत्रण में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। एसपी जैन ने कहा कि वर्तमान समय में व्यापारिक गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं और अपराध के तौर-तरीकों में भी बदलाव देखा जा रहा है।

ऐसे में प्रत्येक व्यापारी को अपने प्रतिष्ठान की सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने सभी व्यापारियों को निर्देश दिए कि वे अपनी दुकानों, संस्थानों एवं कार्यालयों में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे स्थापित करें, समय-समय पर उनकी जांच करवाएं तथा कैमरों की रिकॉर्डिंग कम से कम 30 दिनों तक सुरक्षित रखें। उन्होंने बताया कि ज्वैलरी शॉप्स, बैंक शाखाएं, पेट्रोल पंप, शराब ठेके व आढ़त बाजार जैसे स्थान संवेदनशील श्रेणी में आते हैं, जहां सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही अपराधियों को अवसर दे सकती है। ऐसे स्थानों पर प्रशिक्षित सुरक्षा गार्ड तैनात करना तथा प्रवेश/निकासी बिंदुओं पर विशेष निगरानी रखना आवश्यक है। बैठक में बैंक प्रतिनिधियों को नकद लेन-देन एवं एटीएम सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई।



**फतेहाबाद।** व्यापारियों की बैठक को संबोधित करते एसपी सिद्धांत जैन।

### शराब विक्रेता ठेकों पर भीड़ को नियंत्रित रखें

वहीं शराब विक्रेताओं को ठेकों पर अनावश्यक भीड़ को नियंत्रित रखने तथा विशेष रूप से रात्रि समय में शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही बैठक के दौरान सभी होटल एवं गेस्ट हाउस मालिकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने प्रतिष्ठानों का इंद्राज अनिवार्य रूप से संबंधित पोर्टल/एप पर करें तथा अपनी आईडी बनाएं। होटल में ठहरने वाले प्रत्येक यात्री का विवरण समय पर पोर्टल पर दर्ज करना सुनिश्चित करें। जिन होटल संचालकों द्वारा पोर्टल पर इंद्राज नहीं किया जाएगा, उसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। इस अवसर पर डीएसपी हेडक्वार्टर कुलवंत सिंह, सुरक्षा प्रभारी उपनिरीक्षक सत्यनारायण सहित जिलेभर से आए प्रमुख व्यापारीगण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### भाविप ने नवसंवत पर वितरित किए फल

**सिरसा।** भारत विकास परिषद् माधव शाखा सिरसा द्वारा नव संवत के शुभावसर पर फल प्रसाद वितरण का सेवा कार्य किया गया। सचिव सतपाल जोत ने बताया कि डेरा बाबा सरसाई नाथ सिरसा के प्रांगण में आयोजित हिंदू नव वर्ष मेला में पहुंचे श्रद्धालुओं की सेवा में समर्पित यह सेवाकार्य, प्रकल्प संयोजक जॉनीपाल सोनी के संयोजन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर लगभग 5 हजार श्रद्धालुओं को 60 कैरेट केले का प्रसाद वितरित करते हुए नव संवत की बधाई प्रेषित की गई।

### सड़क हादसे में दो भाई घायल, भर्ती

**सिरसा।** निकटवर्ती गांव नेजाडेला के समीप दो मोटरसाइकिलआपस में भिड़ गई। हादसे में दो भाई घायल हो गए। बताया जा रहा है कि दोनों बाइक लेकर घग्गर नदी का पुल पार कर रहे थे। उसी दौरान हादसा हो गया। पुलिस को दी शिकायत में मनप्रीत सिंह ने बताया कि वह जिले के गांव मल्लेवाला का रहने वाला है। वह 12वीं कक्षा का छात्र है। वह अपने छोटे भाई संदीप के साथ बाइक पर मल्लेवाला से नेजाडेला की ओर जा रहे थे। सामने से जगतार सिंह बाइक लेकर आ रहा था। बाइक को सीधा टक्कर मार दी, जिससे वह दोनों नीचे जा गिरे। उसे और उसके भाई को काफी चोटें लगी और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने नियुक्त किए बीएलए

**फतेहाबाद।** भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने फतेहाबाद की तीनों विधानसभाओं में बूथों को मजबूत करने के लिए बीएलए की नियुक्तियां की है। इसके तहत फतेहाबाद विधानसभा में इन्द्र बतरा, रतिया विधानसभा में एडवोकेट सतपाल सेठी तथा टोहाना में नरेन्द्र गर्ग बन्टू को बीएलए नियुक्त किया गया। इन बीएलए की जिम्मेदारी रहेगी कि हर बूथ स्तर पर बीएलए-2 की नियुक्तियां की जाएं, ताकि हर बूथ पर संगठन की मजबूती को सुनिश्चित किया जाए। जोड़ा ने कहा कि भाजपा हाई कमान के निर्देश है कि हर बूथ पर संगठन को पूरी तरह से मजबूत किया जाए ताकि किसी चुनाव के समय संगठन पूरी मजबूती के साथ काम कर सके।

### सरसों से चुराने का सातवां आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** लाखों रुपये सरसों से भरी गाड़ी चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए भट्टू कलां पुलिस ने एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान राजपाल उर्फ राजा पुत्र राजेंद्र निवासी भट्टूकलां के रूप में हुई है। इससे पहले इसी मामले में 6 आरोपियों को पहले ही काबू किया जा चुका है। थाना भट्टू कलां के प्रभारी उपनिरीक्षक राधे श्याम ने बताया कि इस संबंध में सीताराम पुत्र जगदीश निवासी भट्टू कलां ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार उसने 6 फरवरी 2025 को सीएमएस गोदाम भट्टू से अपनी गाड़ी में 765 कट्टे सरसों के लोड किए थे। इस गाड़ी को शाम करीब 7 बजे भट्टू अनाज मंडी में खड़ा किया गया था, लेकिन अगली सुबह वह वहां से गायब मिली। उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर थाना भट्टूकलां में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

*पूर्व सांसद बृजेन्द्र सिंह ने कहा कि लोगों के निजी स्वार्थ भारी पड़े हैं, बीजेपी को तो ऐसा खेल करने की आदत है*

# राज्यसभा चुनाव : पार्टी से बगावत करने वालों को बाहर का रास्ता दिखाएगा हाईकमान : बृजेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



फतेहाबाद। फतेहाबाद। पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व सांसद बृजेन्द्र सिंह।

हिसार से पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में पार्टी के मुखालफत करने वालों को कांग्रेस बाहर का रास्ता दिखाकर सख्त कार्रवाई करेगी ताकि भविष्य में कोई पार्टी के खिलाफ ना जा सके। यह बेहद जरूरी है। वह आज फतेहाबाद में पूर्व विधायक प्रहलाद सिंह गिल्लाखेड़ा के कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। पूर्व सांसद की सद्भाव यात्रा शुक्रवार को फतेहाबाद पहुंची। यहां पहुंचने पर पूर्व सीपीएस प्रहलाद सिंह गिल्लाखेड़ा और आनंदवीर गिल्लाखेड़ा ने अपने समर्थकों के साथ उनका स्वागत किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने कहा कि लोगों के निजी स्वार्थ भारी पड़े हैं। बीजेपी को तो ऐसा खेल करने की आदत है। यहां पर 37 एमएलए होते हुए भी जानबूझ कर एक निर्दलीय खड़ा किया गया। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग हुई है, यह सच्चाई है। या तो खेल रचा गया है, या रिटर्निंग अफसर ने बदमाशी की है। कुछ तो हुआ ही है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि गोकुल सेतिया और मंजू चौधरी की तरह शैली चौधरी को भी धरना देना चाहिए था। उन्होंने कहा कि चुनाव के नतीजों का यह मतलब नहीं होता कि सब लोग मैदान छोड़कर घर बैठ जाए। इसलिए उन्होंने सद्भाव यात्रा की शुरुआत की।जिला, विधानसभा या लोकसभा स्तर पर ऐसी यात्राएं करनी चाहिए। एक सवाल के जवाब में पूर्व सांसद ने कहा कि अगर कांग्रेस को बीजेपी का मुकाबला करना है तो पहले संगठन को मजबूत करना होगा। बीजेपी काडर बेस्ड पार्टी है। वे संगठन के आधार पर अपनी राजनीति करते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।

### राहुल गांधी की भारत जोड़ों यात्रा का किया जिक्र

पूर्व सांसद ने कहा कि जब वह बीजेपी में सांसद थे, तब भी वह राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के वीडियो डेढ़-दो घंटे तक देखते थे। पत्नी उन्हें टोकती थी लेकिन फिर भी उन्हें यह वीडियो देखने में अच्छा लगते थे। राहुल गांधी की यात्रा से मुझे लगा कि कभी मौका मिला तो ऐसा प्रयास करूंगा। इससे लोगों के साथ निरंतर मिलते हुए उनसे सीधे जुड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि पहले के नेता तो लगातार लोगों के बीच रहते थे, मगर पहले वालों और अब वालों में काफी फर्क आ गया है। अब पॉलिटिक्स में पर्सनल टच में कमी नजर आती है। बृजेंद्र सिंह ने कहा कि ऐसी यात्राएं साधारण चीज नहीं है।

### यह लगाए आरोप

- राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग हुई है, यह सच्चाई है। या तो खेल रचा गया है, या रिटर्निंग अफसर ने बदमाशी की
- चुनाव के नतीजों का यह मतलब नहीं होता कि सब लोग मैदान छोड़कर घर बैठ जाए

## समाधान शिविर निपटान में फतेहाबाद बना प्रदेश में नंबर वन

# 2024 की कोई शिकायत लंबित नहीं

**2025 की सभी लंबित शिकायतों का आगामी 15 दिनों के अंदर निपटान सुनिश्चित कर उसकी रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को भेजी जाए**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



फतेहाबाद। बैठक को संबोधित करते डीसी डॉ. विवेक भारती। *फोटो : हरिभूमि*

समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी निपटान में फतेहाबाद जिला पूरे प्रदेश में अव्वल स्थान पर रहा है। हरियाणा सरकार में श्रम विभाग के प्रधान सचिव राजीव रंजन ने शुक्रवार को आयोजित समाधान प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक में इस उपलब्धि पर डीसी डॉ. विवेक भारती और जिला प्रशासन की कुशल प्रशासनिक कार्यशैली की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। प्रधान सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा करते हुए कहा कि फतेहाबाद जिला प्रशासन समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेकर उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित कर रहा है, जो अन्य जिलों के लिए भी एक उदाहरण व अनुकरणीय कदम है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर वर्ष 2024 की कोई भी शिकायत जिला में लंबित नहीं है, जो प्रशासन की प्रतिबद्धता और कार्यक्षमता को दर्शाता है। साथ ही उन्होंने सभी लंबित मामलों के शीघ्र निपटान के निर्देश भी दिए।

### खारिज शिकायतों की रिपोर्ट करें प्रेसित

डीसी डॉ. विवेक भारती ने बैठक में सभी विभागाध्यक्षों को कहा किए यह टीम भावना का ही उदाहरण है कि जिला जनसेवा को समर्पित कार्यों को प्रभावी ढंग से कर रहा है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 की सभी लंबित शिकायतों का आगामी 15 दिनों के अंदर निपटान सुनिश्चित कर उसकी रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को भेजी जाए। डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि जिन शिकायतों को खारिज किया गया है, उनकी कारण सहित विस्तृत रिपोर्ट दो दिन में प्रस्तुत की जाए, ताकि प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों को एसएमजीटी पोर्टल, सीपी ग्राम और सीएम विंडो पर दर्ज शिकायतों के निपटान को भी सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम राजेश कुमार, जिला परिषद सीईओ सुरेश कुमार, डीएसपी कुलवंत सिंह, पंचायती राज के एक्सईएन देवेन्द्र सिंह, जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन बलविंदर नैन, एक्सईन संजीव सहारण, लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन राहुल चहल, डीडीए राजेश सिहाग, डीईओ संगीता बिश्नोई आदि रहे।

## पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन का चुनाव धर्मपाल दरियापुर फिर बने शाखा प्रधान



फतेहाबाद। पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की नई कार्यकारिणी।

**फतेहाबाद।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की फतेहाबाद शाखा का त्रिवार्षिक प्रतिनिधि सम्मेलन एवं चुनाव मुख्य जलघर, फतेहाबाद में आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में यूनियन की आगामी तीन साल की कार्यप्रणाली और संगठन की मजबूती पर चर्चा की गई। यह चुनाव राज्य संगठन प्रचार सचिव जगदीश दड़बा और राज्य संगठन सह-सचिव प्रेम शर्मा की देखरेख में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत करवाया गया। चुनाव में सर्वसम्मति से धर्मपाल दरियापुर को लगातार दूसरी बार शाखा का प्रधान चुना गया। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों को देखते हुए सदन ने एकमत से उन पर पुनः विश्वास जताया है। इसके अलावा ईश्वर सिंह बागड़ी को चेयरमैन, राणा पंवार को सचिव, महावीर को कोषाध्यक्ष, बलजिन्दर सिंह को वरिष्ठ उप-प्रधान, जोगिन्द्र सिंह एवं राजू को उप-प्रधान, शमशेर सिंह को संगठन सह-सचिव, रोहित जस्सू को प्रचार सचिव, राकेश कुमार को ऑडिटर सुभाष को मुख्य सलाहकार, रामनिवास लाठर एवं संजय को प्रेस सचिव चुना गया। चुनाव के उपरांत राज्य प्रचार सचिव जगदीश दड़बा ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने नवनियुक्त टीम को बधाई देते हुए आह्वान किया कि वे कर्मचारियों के हकों की रक्षा और संगठन की मजबूती के लिए सदैव तत्पर रहें।

## सीडीएलयू का स्नोबोर्डिंग कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन, रचना व निधि हुई सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा



सिरसा। कुलपति एनसीसी कैडेट्स रचना व निधि को सम्मानित करते हुए।

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय तथा हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी की ओर से दो कैडेट्स, एलसीपीएल रचना एवं एलसीपीएल निधि ने जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में बीती 24 फरवरी से 9 मार्च तक आयोजित स्नोबोर्डिंग कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय एवं बटालियन का नाम रोशन किया। कैंप से लौटने पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार एवं कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार ने कैडेट्स को सम्मानित करते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। कैडेट्स की इस सफलता पर विश्वविद्यालय प्रशासन एवं एनसीसी अधिकारियों ने बधाई दी। एनसीसी केयर टेकर ऑफिसर प्रो. राजकुमार ने बताया कि यह कैंप एनसीसी के एडवेंचर ट्रेनिंग कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया। कैंप के दौरान कैडेट्स को स्नोबोर्डिंग की तकनीकों, संतुलन बनाए रखने, सुरक्षा उपायों एवं बर्फीली ढलानों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

### विकसित भारत के लिए युवा बनें जिम्मेदार नागरिक

**सिरसा।** चौ. देवीलाल विवि के कुलपति डॉ. विजय कुमार ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी सरकार होगा जब हमारे युवा जिम्मेदार नागरिक बनेंगे। कुलपति राजकीय नेशनल महाविद्यालय सिरसा में चल रहे एनएसएस के साप्ताहिक शिविर के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने स्वयंसेवकों के समर्पण और टीमवर्क की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कॉलेज प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि जो शिक्षा क्लासरूम की चारदीवारी में नहीं मिल सकती, वह ऐसे कैंपों में मिलती है।

## सिटी सेंटर के लाइव मॉडल का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा



सिरसा। लाइव मॉडल का अवलोकन करते कंपनी के डायरेक्टर माधव जैन।

डबवाली रोड पर श्रीमत टैक्सवर्थ प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित किए जा रहे सिटी सेंटर के लाइव मॉडल का नवरात्रे के उपलक्ष्य में अनावरण किया गया। कंपनी के डायरेक्टर माधव जैन ने इसका अनावरण किया। लाइव मॉडल के माध्यम से सिटी सेंटर में प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की बारिकी से जानकारी दी गई है। वर्णनीय है कि डबवाली रोड पर होटल अरोमा के सामने रेलवे लैंड पर सवा सात एकड़ में शॉप-कम-रेजीडेंसिल काम्पलेक्स का निर्माण किया जा रहा है। महानगरीय तर्ज पर विकसित की जा रहे श्रीमत सिटी सेंटर में 123 बड़े व छोटे आकार की दुकानें बनाई जा रही है। जबकि द्वितीय तल पर रिहायश होगी। इस प्रोजेक्ट को हर केंद्रीय व प्रांतीय विभाग से अनुमति प्राप्त है। श्रीमत टेक्सवर्थ प्रा. लिमिटेड के निदेशक माधव जैन ने बताया कि कंपनी की ओर से इस बहुमंजिला शॉपिंग मॉल में बेसमेंट, ग्राऊंड फ्लोर, फर्स्ट फ्लोर और सेकिंड फ्लोर बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सिटी सेंटर का डिजाइन विश्व विख्यात हाफिज कंट्रेक्टर मुम्बई के सीनियर एसोसिएट निशांत शेख अहमद द्वारा तैयार किया गया है। जैन ने बताया कि सिटी सेंटर में करीब 600 कारों की पार्किंग की व्यवस्था रहेगी।

## पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाएं सभी उपभोक्ता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

केंद्र सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। अंत्योदय परिवार जिनकी सालाना आय 1.80 लाख से कम है व जिनकी सालाना बिजली खपत 2400 यूनिट तक है, वे दो किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 60 हजार रुपए व हरियाणा सरकार की ओर से 50 हजार रुपए अनुदान यानी कि कुल 1.10 लाख रुपए का अनुदान प्राप्त कर सकते हैं। जिन परिवारों की सालाना आय तीन लाख रुपए तक है व जिनकी सालाना बिजली खपत 2400 यूनिट तक है वो परिवार दो किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 60 हजार रुपए व हरियाणा सरकार की ओर से 20 हजार रुपए का अनुदान यानी कि कुल 80 हजार रुपए का अनुदान प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद तीन किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 78 हजार रुपए का अनुदान दिया जाएगा। केंद्र सरकार का अनुदान सभी आय वर्गों के लोगों को दिया जाएगा यानि केंद्र का अनुदान लेने के लिए आय से संबंधित कोई शर्त नहीं है।

## गेहूं खरीद के नए नियम किसान विरोधी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भूना



भूना। अधिकारी को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपते किसान। *फोटो : हरिभूमि*

अखिल भारतीय किसान सभा, तहसील कमेटी, भूना की बैठक शुक्रवार को शहीद चंद्रशेखर आजाद भवन, किसान सभा कार्यालय में आयोजित की गई। मीटिंग की अध्यक्षता तहसील प्रधान मुन्शी राम ने की, जबकि संचालन तहसील सचिव सोमनाथ द्वारा किया गया। इस बैठक में आगामी रबी सीजन के दौरान फसलों की खरीद को लेकर सरकार द्वारा लागू किए गए नए नियमों पर कड़ा विरोध जताया गया। इसके बाद किसान सभा का प्रतिनिधिमंडल मार्किट कमेटी सचिव से मिलने पहुंचा और अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर फसल खरीद को पिछले साल की तरह ही जारी रखने की मांग की। बैठक में विशेष रूप से पहुंचे किसान सभा के जिला उपप्रधान एवं पूर्व जिला पार्षद राम स्वरूप ढाणी गोपाल ने सरकार की खरीद नीति की तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा कि सरकार ने गेहूं की खरीद के लिए जो नए मानदंड अपनाए हैं, वे पूरी तरह से गलत और अव्यवहारिक हैं। इस बैठक में बलबीर सिंह, ओमप्रकाश, मनु गोरखपुर और मनु सहित अनेक किसान नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## 50 गांवों के 250 युवा शहीदी दिवस पर हुसैनीवाला में करेंगे नमन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



फतेहाबाद। वेद फुलां।

भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं हरकोफेड चेयरमैन वेद फुलां ने बताया कि 23 मार्च शहीदी दिवस के अवसर पर फतेहाबाद जिले के 50 गांवों से 250 से अधिक युवा अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव की पावन स्मृति में हुसैनीवाला स्थित उनकी समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। उन्होंने बताया कि सतलुज नदी के किनारे स्थित इस ऐतिहासिक स्थल पर आयोजित युवा जागृति यात्रा का मुख्य उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना को प्रबल करना तथा शहीदों के बलिदान के प्रति कृतज्ञता जागृत करना है। यह यात्रा युवाओं को यह संदेश देगी कि आजादी हमें बड़ी कुर्बानियों के बाद मिली है और हमें इसे सहेजते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। वेद फुलां ने कहा कि इस यात्रा में 20 से 35 वर्ष तक के युवा भाग ले सकते हैं, जिसके लिए ऑनलाइन गूगल फॉर्म के माध्यम से पंजीकरण किया जा रहा है। अब तक सैकड़ों युवा इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर चुके हैं।



फतेहाबाद। डीसी से मिलने पहुंचे गांव खाराखेड़ी के ग्रामीण। *फोटो : हरिभूमि*

### खारा खेड़ी सरपंच बहाली की मांग को लेकर डीसी से मिले ग्रामीण, निलंबन को बताया गलत

**फतेहाबाद।** जिले के गांव खारा खेड़ी के सरपंच के निलंबन के विरोध में शुक्रवार को ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल जिला उपायुक्त से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपकर सरपंच को बहाल करने की मांग उठाई। डीसी से मिलने पहुंचे गांव खाराखेड़ी के ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच संजय के निलंबन के चलते गांव में चल रहे कई विकास कार्य ठप पड़े हुए हैं, जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि गांव खारा खेड़ी के सरपंच संजय को एक मामले में कार्रवाई करते हुए उपायुक्त द्वारा निलंबित किया गया था। इस निर्णय के विरोध में ग्रामीणों ने एकजुट होकर डीसी कार्यालय पहुंचकर अपना पक्ष रखा और जल्द से जल्द सरपंच की बहाली की मांग की। सरपंच संजय ने भी अपने ऊपर हुई कार्रवाई को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि बिना उनका पक्ष सुने ही उन्हें निलंबित कर दिया गया, जो कि गलत है। ग्रामीणों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कराते हुए सरपंच को बहाल करने की मांग की है।

### 31 विद्यार्थियों का जेबीएम ग्रीन एनर्जी में चयन

**चोपटा।** चौधरी देवीलाल राजकीय पॉलिटेक्निक नाथूसरी चोपटा के 31 विद्यार्थियों का चयन जेबीएम ग्रीन एनर्जी लिमिटेड में हुआ है। इस उपलब्धि से पूरे संस्थान में खुशी का माहौल है। संस्थान के प्राचार्य विवेक वोहरा ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल विद्यार्थियों बल्कि पूरे संस्थान के लिए गौरव की बात है। प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी राजकुमार दास ने भी इस सफलता पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि संस्थान विद्यार्थियों को बेहतर प्लेसमेंट अवसर दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत है और भविष्य में भी ऐसे परिणाम देखने को मिलेंगे।

## राम कथा में उमड़ा जनसैलाब, श्रीराम के उद्घोष से गूंजा पंडाल

# साध्वी करुणागिरी के प्रवचनों ने श्रद्धालुओं में जगाई भक्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भूना





भूना। श्री राम कथा के तीसरे दिन उपस्थित महिला श्रद्धालुगण, प्रवचन सुनती हुई महामंडलेश्वर करुणागिरी जी महाराज।

बाबा राणाधीर मंदिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्री राम कथा के तीसरे दिन शुक्रवार को आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भक्ति रस में सराबोर हो गया। कथावाचक महामंडलेश्वर संत शिरोमणि साध्वी माता करुणागिरि महाराज ने अपने ओजस्वी प्रवचनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।उन्होंने श्रीराम के आदर्श जीवन का वर्णन करते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम का जीवन हर व्यक्ति के लिए प्रेरणा है। कथा के दौरान भजन-कीर्तन की गूंज से माहौल भक्तिमय बना रहा और श्रद्धालु भावविभोर नजर आए।साध्वी करुणागिरी महाराज ने प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम केवल एक देवता ही नहीं, बल्कि आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि श्रीराम का जीवन सत्य, मर्यादा, धैर्य और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है, जो हर व्यक्ति को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। रामायण के विभिन्न प्रसंगों को भावपूर्ण शैली में प्रस्तुत करते हुए उन्होंने बताया कि कठिन परिस्थितियों में भी श्रीराम ने कभी धर्म का मार्ग नहीं छोड़ा।

इस अवसर पर समिति के प्रधान ओमप्रकाश धारनिया, सचिव अनील सोनी, वीरेंद्र शर्मा, नंदलाल कंबोज, मास्टर मंगल राम, राजू गिरधर, हरविंदर बागड़ी, मास्टर देशराज, अमित बंसल, आत्माराम जाखड़, राजू कंबोज, रमेश शर्मा, सुरेश कंबोज, राजेश कुमार, मोनू वर्मा, अनिल धोनी, राकेश मदान, अजय सोनी, कृष्ण सेठी, साई दित्ता, नफे सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।